卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 148 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦7 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## ‘370’ के नाम पर गुमराह करती रही कांग्रेस: मोदी

### पीएम मोदी ने श्री नगर से राष्ट्र को समर्पित की 6400 करोड़ की 53 विकास परियोजनाएं



श्रीनगर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धारा 370 हटने के बाद पहली बार गुरूवार को श्रीनगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बख्शी स्टेडियम से 6400 करोड़ की 53 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि धरती के स्वर्ग पर आने का ये अहसास ये अनुभूति शब्दों से परे है। यह वह नया जम्मू कश्मीर है जिसका इंतजार है हमें दशकों से था। उन्होंने कहा कि वह जम्मू कश्मीर है जिसके लिए श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस जम्मू कश्मीर में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने कहा कि आज 140 करोड़ देशवासी सुकून महसूस कर रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक जमाना था जब देश में जो कानून लागू होते थे वे कश्मीर में नहीं लागू हो पाते थे। एक जमाना था जब गरीब कल्याण की योजनाएं पूरे देश में लागू होती थी लेकिन जम्मू-कश्मीर के मेरे भाई बहन उनका लाभ नहीं ले पाते।अब देखिए वक्त ने कैसे करवट बदली है। आज श्रीनगर से आपके साथ ही पूरे भारत के लिए योजनाओं को आरंभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है। ऊंचा उठा शीश ही विकास- सम्मान का प्रतीक होता है। उन्होंने लोगों से ‘वेड इन इंडिया’ की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि आप बाहर दूसरे देशों में शादी करते हैं, जिससे उस देश की इकोनॉमी मजबूत होती है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा (शेष पृष्ठ 7 पर)

## समृद्धि की ओर बढ़ रहा उत्तराखण्ड: धामी

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्य सेवक सदन में ग्राम्य विकास विभाग में चयनित 394 ग्राम विकास अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होने नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनसेवा करेंगे। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार तेज गति से विभागों में रिक्त पदों को भरने का कार्य कर रही है। युवाओं के उज्ज्वल भविष्य (शेष पृष्ठ 7 पर)



## जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा,छह गिरफ्तार



काशीपुर(उद संवाददाता)। ताश के पत्तों में हार जीत की बाजी लगाते आधा दर्जन जुआरियों को आईटीआई पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। कार्यवाही के दौरान मौके से पुलिस को हजारों रूपयों की नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद हुई है। थाने लाकर जुआरियों से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उनका गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर दिया गया। बता दें की लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत एसएसपी के निर्देश पर सट्टा जुआ अवैध कारोबार की रोकथाम को लेकर पुलिस टीम ने अभियान चला रखा है। इसी क्रम में आईटीआई पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम हिम्मतपुर में मोबाइल टावर परिसर के अंदर कुछ लोग ताश के पत्तों में हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो उठी। उसने तत्काल जुएं के अड्डे पर छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से 11 मंदिर के आगे, ग्राम हिम्मतपुर थाना आईटीआई निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र चंद्र सिंह, पानी की टंकी के पास ग्राम हिम्मतपुर निवासी रवि पुत्र आसाराम, यही के नवल किशोर पुत्र अमर सिंह, 11 मंदिर वाली गली, ग्राम हिम्मतपुर निवासी वीरेंद्र पुत्र छज्जू सिंह, कब्रिस्तान के सामने कचनाल गोसाई निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## चंदे का हिसाब सार्वजनिक नहीं करने पर भाजपा के खिलाफ धरना प्रदर्शन



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा को चुनाव में मिले चंदे को सार्वजनिक करने में देरी के खिलाफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिम्वाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कुसुमखेड़ा स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा द्वारा किये जा स्टेट बैंक के दुरूपयोग को लेकर जमकर नारेबाजी की । कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाबजूद स्टेट बैंक के द्वारा भाजपा के दवाब में भाजपा के चुनावी बॉड का खुलासा करने में हीलाहवाली की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा के नेता सत्ता का दुरूपयोग कर रहे हैं। जनता आने वाले लोकसभा चुनाव में भ्रष्ट सरकार को सबक सिखायेगी। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता महेश शर्मा, हरेंद्र बोरा मलय बिष्ट,हिमांशु जोशी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, संजय बिष्ट, मयंक भट्ट सहित दर्जनों कारकर्ता उपस्थित रहे।

## 10 लाख और कार नहीं देने पर विवाहिता को किया बेघर

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज में 10 लाख रूपयों की नगदी व कार ना मिलने पर लोभी ससुरालयों ने एक और विवाहिता को मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति सास व देवर के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी मजरा रोड निवासी सुमैया परवीन पुत्री अनीस अहमद ने बताया कि वर्ष 2017 की 19 नवंबर को उसका विवाह आवास विकास कॉलोनी अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी गफ्फार अहमद के पुत्र मोहम्मद शोएब के साथ धूमधाम से हुआ। इस दौरान कन्या पक्ष द्वारा सामर्थनुसार दान दहेज देने के बावजूद विवाहिता का दांपत्य जीवन अधिक दिनों तक सुखी नहीं रह सका। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि दहेज की खातिर पति देवर एवं सास ने उसका मानसिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए बलपूर्वक दुष्कर्म किए जाने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को नामजद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 4 मार्च को कुंडेश्वरी में उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ ग्राम हिम्मतपुर थाना आईटीआई निवासी अंकित पुत्र संतु सिंह ने छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान जब किशोरी ने विरोध किया तो आरोपी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंकित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



## बार एसोसिएशन चुनाव के लिए शांतिपूर्वक हुआ मतदान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए गुरूवार को शांतिपूर्वक मतदान हुआ। चुनाव में 14 पदों पर 30 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। अध्यक्ष पद पर किशोर पंत और गोविंद सिंह बिष्ट के बीच मुकाबला है। जबकि सदस्य (महिला) पद पर नीलू शर्मा र्निविरोध चुन ली गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सोलंकी, सुनील सिंह पुंडीर, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह बोरा और संजय कुमार चुनाव मैदान में है। सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट, संतोष कुमार नेगी, ललित मेर, व जितेंद्र सिंह बिष्ट, महिला उपाध्यक्ष पद पर भगवती पलड़िया व सुलक्षणा श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव पद पर योगेश कुमार लोहानी, विपिन कुमार व प्रदीप लोहनी, संयुक्त सचिव प्रेस के लिए योगेश कुमार पाठक, रविंद्र पाल सिंह तोमर, सुधांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार व चंदन बोरा, लेखाधिकारी पद पर राजेंद्र प्रसाद पांडे व गौरव सिंह बिष्ट, पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर बशीरत (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘बेहद खास’ है इस बार का ‘महाशिवरात्रि पर्व’

### महाशिवरात्रि पर बन रहे हैं चार दुर्लभ योग ,इन शुभ योगों में आराधना होती है विशेष फलकारी, प्राप्त होती है भगवान शिव की विशेष कृपा

-अर्श-



रूद्रपुर। वैसे तो परमपिता शिव की साधना-आराधना एवं उनकी विशेष कृपा प्राप्त करने की दृष्टि से महा शिवरात्रि को आदिकाल से ही एक श्रेष्ठ दिन माना जाता रहा है ,लेकिन इस बार की महाशिवरात्रि का साधना -आराधना की दृष्टि से एक विशिष्ट महत्व है। वह इसलिए, क्योंकि इस महाशिवरात्रि को कई शुभ संयोग बन रहे हैं, जो इस बार की महाशिवरात्रि को बेहद खास बना रहे हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्ध योग और श्रवण नक्षत्र के योग का एक अद्भुत संयोग एक अरसे बाद बन रहा है। धर्माचार्यों के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन इन दुर्लभ संयोगों में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने का फल कई गुणा ज्यादा बढ़कर मिलता है।सनातन मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने कई जन्मों की कठोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था और फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को माता पार्वती का विवाह भगवान शिव के साथ हुआ था। इसलिए हर वर्ष फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष में महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाता है। इस साल महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व 8 मार्च, शुक्रवार को मनाया जाएगा। हिन्दू पंचांग के अनुसार चतुर्दशी तिथि का आरंभ 8 मार्च को रात 9 बजकर 57 मिनट से होगा तथा चतुर्दशी तिथि का समापन 9 मार्च की शाम को 6 बजकर 17 मिनट पर होगा। पंचांग के अनुसार पूजा का शुभ मुहूर्त, रात 12 बजकर 7 मिनट से 12 बजकर 56 मिनट तक होगा वही व्रत का पारण मुहूर्त, 9 मार्च की सुबह 06 बजकर 37 मिनट से दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। बात अगर इस महाशिवरात्रि पर बना रहे दुर्लभ शुभ संयोग की करें तो सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 06 बजकर 38 मिनट से आरंभ होकर 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा वही शिव योग 9 मार्च को सूर्योदय से रात्रि 12 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा सिद्ध योग 9 मार्च की रात को 12 बजकर 46 मिनट से शुरू होगा और 08 बजकर 32 मिनट पर इसका समापन तथा श्रवण नक्षत्र सुबह के 10 बजकर 41 मिनट तक रहेगा महा शिवरात्रि के दिन बनने वाले योगों का विशेष महत्व माना जाता है। माना जाता है कि सर्वार्थ सिद्धि योग में किए गए सभी कार्य सफल होते हैं। महाशिवरात्रि पर शिव योग बनना भी बेहद शुभ माना जाता है। इस योग में पूजा पाठ, ध्यान और मंत्र जप करना कल्याणकारी माना जाता है। इस शुभ समय में भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।माना जाता है कि सिद्ध योग भगवान गणेश से जुड़ा हुआ है और इस शुभ योग में कार्य करने से सभी कार्यों में सफलता मिलती है। श्रवण नक्षत्र का स्वामी, शनि देव को माना जाता है। (शेष पृष्ठ सात पर)

# पाखरो टाइगर सफारी में पेड़ों के अंधाधुध कटान से सुप्रीम कोर्ट अचंभित

नई दिल्ली/देहरादून। सुप्रीम कोर्ट ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में बड़े पैमाने पर पेड़ों के कटान और अवैध निर्माण को स्वीकृति देने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत और पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी किशन चंद को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने सीबीआई से तीन महीने में मामले की स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की संयुक्त पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि राजनेताओं और वन अधिकारियों के बीच सांठगांठ के परिणामस्वरूप पर्यावरण को भारी क्षति हुई है। उत्तराखंड के कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पाखरो रेंज में पेड़ों की कटाई और अवैध निर्माण मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सख्त रुख अपनाते हुए उच्चतम न्यायालय ने पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद को कड़ी फटकार लगाई है. इसके साथ ही, देश में राष्ट्रीय उद्यानों के बफर जोन या

## सुप्रीम कोर्ट की संयुक्त पीठ ने सीबीआई को दिए तीन माह में स्टेटस रिपोर्ट देने के निर्देश
## पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और डीएफओ किशन चंद को लगाई कड़ी फटकार
## मिलीभगत से नियमों पर खिलवाड़ कर वन एवं पर्यावरण को पहुंचाया गया भारी नुकसान




इससे सटे सीमांत क्षेत्रों में टाइगर सफारी की इजाजत दी जा सकती है या नहीं, इसको देखने के लिए एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अगुवाई वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने एक समिति का गठन करते हुए कहा कि इस समिति की सिफारिश सभी मौजूदा सफारियों पर भी लागू होंगी। अपने जजमेंट को सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि–बाघ जंगल और जंगल बाघ के बिना नष्ट हो जाता है। इसलिए बाघ को जंगल की रक्षा में खड़ा रहना चाहिए और जंगल को अपनी सभी बाघों की रक्षा करनी चाहिए. इस तरह से इको सिस्टम में बाघों का महत्व को लेकर 'महाभारत' में बताया गया है. जंगल का अस्तित्व बाघों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है. यदि बाघ की रक्षा की जाती है, तो उसके चारों ओर का इको सिस्टम तंत्र भी सुरक्षित रहता है। इस टिप्पणी के बाद कोर्ट ने कहा कि, बाघ के संरक्षण और रक्षा के लिए बनाए गए तमाम प्रावधानों के बावजूद, वर्तमान मामला एक दुखद स्थिति को दर्शाता है कि कैसे मनुष्य के लालच ने बाघों के सबसे बेहतरीन निवास स्थलों में से एक यानी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को बर्बाद कर दिया। बता दें कि, वन्यजीव कार्यकर्ता व वकील गौरव बंसल द्वारा दायर एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ये आदेश दिया। गौरव बंसल की अपनी याचिका में पाखरो टाइगर सफारी में अवैध निर्माण और हजारों पेड़ों के अवैध कटान का आरोप लगाया है. बंसल ने कहा है कि इस कारण लैंसडाउन वन प्रभाग में बाघों के आवास खत्म हो रहे हैं और बाघों के घनत्व में कमी आ रही है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई की अनुमति देकर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को नुकसान पहुंचाने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और तत्कालीन प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) किशन चंद को भी फटकार लगाई है। कॉर्बेट में पेड़ों की कटाई के पहलू पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह तत्कालीन मंत्री और डीएफओ के दुस्साहस से चकित है। शीर्ष अदालत ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई के कारण हुए नुकसान के संबंध में पहले से ही मामले की जांच कर रही सीबीआई को तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को जंगल की बहाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# बाघ जंगल और जंगल बाघ के बिना हो जाता है नष्ट

## सुप्रीम टिप्पणीः नेताओं और नौकरशाहों ने 'पब्लिक ट्रस्ट डॉक्ट्रिन को कूड़ेदान में फेंक दिया, दोषियों से इसकी वसूली करनी चाहिए

देहरादून। शीर्ष अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में ये बिना किसी संदेह के स्पष्ट है कि तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ ने खुद को ही कानून मान बैठे. पीठ ने कहा कि, ये एक क्लासिक मामला है जो दर्शाता है कि कैसे नेताओं और नौकरशाहों ने 'पब्लिक ट्रस्ट डॉक्ट्रिन को कूड़ेदान में फेंक दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक–नौकरशाह गठजोड़ ने वन और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाया। राज्य को नुकसान की लागत का अनुमान लगाना चाहिए और पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचाने के दोषियों से इसकी वसूली करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि, वर्तमान मामला बताता है कि कैसे एक राजनेता और एक वन अधि कारी के बीच सांठगांठ के कारण राजनीतिक और व्यावसायिक लाभ के लिए पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है. इस मामले में वन विभाग, विजिलेंस और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधि कारियों की अनुशंसा को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है, जिन्होंने संवेदनशील पद पर किशन चंद की पोस्टिंग पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने आश्चर्य जताया कि किस तरह तत्कालीन वन मंत्री और डीएफओ किशन चंद ने वैधानिक प्रावधानों को नजरअंदाज करने का दुस्साहस किया. हालांकि, शीर्ष अदालत ने ये साफ किया कि इस केस में अभी सीबीआई जांच जारी है इसलिए आगे इस पर कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी। कोर्ट ने आगे कहा कि पार्क में हुई अवैध पेड़ कटाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसने पूर्व वन महानिदेशक और विशेष सचिव चंद्र प्रकाश गोयल, सुमित सिन्हा और एक अन्य को बाघ अभयारण्यों के अधिक कुशल प्रबंधन का सुझाव देने के लिए नियुक्त किया। "जो सफारी पहले से मौजूद हैं और जो पखराऊ में निर्माणाधीन हैं, उन्हें परेशान नहीं किया



जाएगा। हालांकि, जहां तक 'पखराऊ' में सफारी का सवाल है, हम उत्तराखंड राज्य को 'टाइगर सफारी' के आसपास एक बचाव केंद्र स्थानांतरित करने या स्थापित करने का निर्देश देते हैं।" सीबीआई को अपनी जांच प्रभावी ढंग से पूरी करने के लिए कहा गया था, और राज्य को दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया गया था। उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में प्रस्तावित पाखरो टाइगर सफारी परियोजना के लिए अनुमति देने के मामले में यह फैसला आया है। पीठ ने जनवरी में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से कहा था कि राष्ट्रीय उद्यान के भीतर चिड़ियाघर की तर्ज पर बाघ सफारी कराने की उसकी योजना की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसने एक ऐसे दृष्टिकोण का आह्वान किया जो 'पर्यटन–केंद्रित' के बजाय 'पशु–केंद्रित' हो, एनसीटीए के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए ऐसे रिजर्वों के केवल बफर और फ्रिंज क्षेत्रों में टाइगर सफारी के लिए प्रदान किया गया हो। यह मामला पर्यावरण कार्यकर्ता और अधिवक्ता गौरव बंसल द्वारा दायर याचिका से उत्पन्न हुआ, जिसमें इस संबंध में उत्तराखंड सरकार के प्रस्ताव को चुनौती दी गई थी। राज्य के हलफनामे के अनुसार, उत्तराखंड कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में 260 बाघों के साथ 560 बाघों का घर है जो 1,288 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। पखरौ में प्रस्तावित बाघ सफारी 106 हेक्टेयर भूमि पर थी, जो राष्ट्रीय उद्यान में कुल क्षेत्रफल का लगभग 0.082 प्रतिशत और टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र का 0.22 प्रतिशत है। उत्तराखंड राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एएनएस नाडकर्णी पेश हुए। एडवोकेट के परमेश्वर ने एमिकस क्यूरी के रूप में कार्य किया।अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी एनटीसीए के लिए पेश हुईं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नवंबर 2022 में आदेश दिया था कि जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में पाखरो टाइगर सफारी परियोजना को इस तथ्य के मद्देनजर रोक दिया जाए कि परियोजना के लिए लगभग 6,000 पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया था।

# कांग्रेस ने पांचों सीटों पर तीन-तीन दावेदारों के नाम किए फाइनल

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में प्रत्याशियों के पैनल पर हुई चर्चा, दिग्गजों को किया फोन

देहरादून(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जता चुके कांग्रेस नेताओं को एक बार



फिर से राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने के संकेत मिले हैं। बुधवार को आयोजित स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दौरान ही प्रदेश प्रभारी सैलजा और स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष भक्त चरण दास ने एक बार फिर प्रमुख नेताओं से फोन पर बात कर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा है। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुधवार को नई दिल्ली में सम्पन्न हुई, इसमें कमेटी सदस्यों और प्रदेश प्रभारी के अलावा उत्तराखंड से प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता विपक्ष यशपाल आर्य भी शामिल हुए। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में सीटवार विचार विमर्श के बाद कुल दावेदारों की संख्या 40 से घटाकर 15 की गई। इस तरह पार्टी ने प्रत्येक सीट पर तीन– तीन दावेदारों के नाम फाइनल कर दिए हैं। हालांकि अभी वरिष्ठ नेताओं की पूरी रजामंदी नहीं मिलने के कारण, पैनल को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जल्द ही स्क्रीनिंग कमेटी की एक और बैठक होगी, जिसमें पैनल तैयार कर केंद्रीय चुनाव समिति के पास भेजा जाएगा। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान ही सैलजा और भक्तचरण दास ने वरिष्ठ नेताओं को अपनी –अपनी सीट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार करने की कोशिश की। वरिष्ठ नेताओं के चुनाव मैदान में नहीं उतरने से खराब संदेश जाने और कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित होने की चिंता उन तक पहुंचाई गई। इस तरह पार्टी ने एक तरह से वरिष्ठ नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने के संकेत दे दिए हैं। पैनल तैयार नहीं होने के कारण गुरुवार को उत्तराखंड से प्रत्याशियों के नाम घोषित होने की संभावना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी ने सीटवार संभावित प्रत्याशियों पर चर्चा की है, अभी कुछ और विचार विमर्श होना है। इसके बाद पैनल केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा जाएगा। अगले सप्ताह तक प्रत्याशियों के नाम घोषित होने की उम्मीद है।

# उत्तराखंड में बसपा घोषित करेगी पांचों लोससभा सीटों पर प्रत्याशी

देहरादून। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी में जुटी बहुजन समाज पार्टी इसी सप्ताह अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। पांचों लोस के साथ ही मंगलौर विधानसभा उप चुनाव के लिए भी प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। हालांकि, बसपा चुनाव की तैयारी में पहले से ही जुटी हुई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा का वोट शेयर 4.5 प्रतिशत था। उस चुनाव में 78 लाख 56 हजार 318 में से 47 लाख 91 हजार 979 वोट पड़े थे, जिनमें से दो लाख 16 हजार 755 वोट बसपा को मिले थे। हरिद्वार लोकसभा सीट पर पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अंतरिक्ष सैनी को सर्वाधिक 1,73,528 मत मिले थे। डॉ. सैनी इस सीट पर तीसरे स्थान पर रहे थे। टिहरी लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी सत्यपाल 4,582 वोटों के साथ चौथे स्थान पर, नैनीताल सीट पर पार्टी प्रत्याशी नवनीत अग्रवाल 28,455 वोटों के साथ तीसरे और अल्मोड़ा में पार्टी प्रत्याशी सुंदर धोनी 10,190 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पार्टी अध्यक्ष चौधरी शीशपाल का कहना है कि इस बार पूरे जोर–शोर से संगठन ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी की है। बताया, उनकी पार्टी इस बार निश्चिततौर पर जीत की ओर अग्रसर है। इसके लिए बसपा सुप्रीमो इसी सप्ताह सभी सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर देंगी।

# हरिद्वार लोकसभा की सीट हो सकती है हॉट ,मंथन में जुटी बीजेपी

देहरादून। भाजपा प्रदेश में बेशक पांचों लोकसभा सीटों पर अपनी जीत का दावा कर रही है, लेकिन हरिद्वार का चुनावी समर उसके लिए उतना आसान नहीं माना जा रहा। इस संसदीय सीट के चुनावी समीकरण पूरी तरह से भाजपा के लिए कड़ी चुनौती साबित हो सकते है। कई कद्दावर नेताओं की दावेदारी और इंडिया गठबंधन दलों के समीकरण भी मुकाबला रोचक बना सकते है। सियासी जानकारों का मानना है कि जातीय समीकरणों के लिहाज से इस सीट पर भाजपा का चुनाव प्रबंधन कठिन चुनौतियों से होकर गुजरेगा। इन्हीं चुनौतियों के कारण पार्टी को इस सीट पर जिताऊ प्रत्याशी की तलाश के लिए तगड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस सीट पर पार्टी के चुनाव व बूथ प्रबंधन की भी परीक्षा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में हारी 23 विधानसभा सीटों में सात अकेले हरिद्वार जिले से हैं। इनमें भगवानपुर, झबरेड़ा, ज्वालापुर, हरिद्वार ग्रामीण व पिरान कलियर सीट कांग्रेस के पास है, मंगलौर और लक्सर में बसपा और खानपुर निर्दलीय ने जीती थी। हरिद्वार जिले में भाजपा 11 में से सिर्फ तीन सीटों पर है। जबकि 2017 के चुनाव में भाजपा ने 11 में से आठ सीटें जीतीं थी। यानी 2019 के चुनाव में भाजपा हरिद्वार जिले में राजनीतिक तौर पर अधिक मजबूत थी। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव के लिहाज से जिले में राजनीतिक रूप से वह उतनी सशक्त नहीं है। यही वजह है कि केंद्रीय नेतृत्व को इस सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर काफी सोच–विचार करना पड़ रहा है। जानकारों के मुताबिक, हरिद्वार लोस से लगातार दो बार सांसद रहे डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के अलावा पार्टी दूसरे दावेदारों के नामों पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक मदन कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के अलावा दो बड़े संत भी दावेदार बताए जा रहे हैं। लेकिन पार्टी को संसदीय सीट पर जातीय समीकरणों के हिसाब से जिताऊ चेहरे की तलाश है। 2022 के विधानसभा चुनाव में 11 में से पांच सीटें गंवाने के बाद प्रदेश संगठन हरिद्वार जिले में चुनाव प्रबंधन में जुट गया था। पार्टी ने हारी हुई 23 विधानसभा सीटों पर बूथ प्रबंधन को लेकर विशेष अभियान चलाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट इन हारी सीटों में जाकर लाभार्थी सम्मेलन के जरिये पार्टी के पक्ष में वातावरण बनाने की कोशिश भी कर रहे हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव में ही पार्टी के चुनाव और बूथ प्रबंधन की असल परीक्षा होगी। मिसाल के तौर पर भाजपा भगवानपुर, मंगलौर, खानपुर, ज्वालापुर और हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र में 537 बूथों में पीछे रही। पार्टी ने इन बूथों को मजबूत करने के लिए खास योजना बनाई। इनमें अपने विधायकों और सांसदों और सरकार के मंत्रियों को भेजा। पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भाजपा हरिद्वार और गढ़वाल लोस सीट पर 10 मार्च तक उम्मीदवार घोषित कर सकती है। इस बीच केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश नेतृत्व से फीड बैक लिया है। साथ ही एक एजेंसी भी दावेदारों का दमखम टटोल रही है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कोर्ट में रो पड़े अंकिता के परिजन

## आशुतोष नेगी की गिरफ्तारी का मामला गरमाया

देहरादून/पौड़ी(उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में पक्षकार आशुतोष नेगी के किसी अन्य केस में हुई गिरफ्तारी पर अंकिता के परिजन कोर्ट परिसर में ही फूट-फूट कर रोने लगे। अंकिता की माता-पिता ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान अंकिता की मां की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद किसी तरह से अंकिता की मां ने होश संभाला। बता दें पत्रकार की गिरफ्तारी के बाद अब ये मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पौड़ी जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचे अंकिता भंडारी के परिजन कोर्ट परिसर में ही फूट-फूट कर रोने लगे। बता दें कि अंकिता भंडारी मर्डर केस में अंकिता के परिजनों के साथ मिलकर अंकिता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। अंकिता मर्डर केस के आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे आशुतोष नेगी को पुलिस ने एससी एसटी एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।कोर्ट ने



15 मार्च तक आशुतोष नेगी को रिमांड में जेल भेज दिया है। कोर्ट का फैसला आते ही अंकिता के परिजन कोर्ट में ही रोने लगे है और पत्रकार आशुतोष नेगी की गिरफ्तारी को एक सोची समझी साजिश करार दिया। दरअसल पुलिस ने शिकायतकर्ता राजेश राजा कोली की लिखित शिकायत पर आशुतोष नेगी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राजेश राजा कोली ने आरोप लगाए थे की पत्रकार आशुतोष नेगी समेत चार अन्य लोगों ने उसके लिए जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया था। जिस पर एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आशुतोष नेगी और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया और कोर्ट के फैसले के बाद दोनो को जेल भेजा दिया गया है। अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर आशुतोष नेगी लगातार अंकिता के परिजनों का साथ रहे हैं। अंकिता के परिजनों को आस थी कि न्याय मिलने तक वो इस लड़ाई को उनके साथ आगे भी लड़ते रहेंगे। लेकिन आशुतोष नेगी के जेल जाते ही परिवार की आस अब टूटती नजर आ रही है। अंकिता के पिता ने सरकार पर आरोप लगाते हुए इसे एक सोची समझी साजिश करार दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अब श्रीनगर में अपने आंदोलन को उग्र करने की बात कही है। वहीं इस के विवेचक सीओ कोटद्वार विभव सैनी ने कहा की इस केस को अन्य केस से जोड़कर न देखा जाए। आशुतोष नेगी को जेल एससी एसटी एक्ट की धाराओं में जेल भेजा गया है। वहीं आशुतोष की गिरफ्तारी को लेकर मामला चर्चाओं में छाया हुआ है जिस में तरह तरह की बयानबाजी भी की जा रही है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# पैक्स कर्मचारियों ने मांगों को लेकर भरी हुंकार

## विभागीय अधिकारियो पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितिया कर्मचारी यूनियन नैनिताल ऊधम सिंह नगर के पैक्स कर्मचारियो की एक बैठक पूर्वी रुद्रपुर सहकारी समिति बगवाडा मे सम्पन्न हुई। जिसमे ऊधम सिंह नगर की हर समिति से 2-2 कर्मचारियो ने बैठक में भाग लिया। यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश जोशी को कर्मचारियो ने अपनी अपनी समस्याओ से अवगत कराते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी हर छ माह मे वेतन की जांच कराने के नाम पर कार्मिको मे भय का माहोल बनाने की कोशिश कर रहे है। उनका कहना था पूर्व मे भी कई बार वेतन की जांच की जा चुकी है। साथ ही उन्होने बताया कि वसूली के प्रतिशत का हवाला देकर कार्मिको का वेतन रोकने के आदेश जारी कर दिये जाते है। जब कि कर्मिको द्वारा बिना किसी सह साध न के वसूली के लिये बहुत अधिक प्रयास किया जाता है। कई बार बकायेदार किसान लडाई झगडा करने पर भी उतारू हो जाते है। इसके बाद भी कर्मचारियो का वेतन रोकना न्याय संगत नही है। कर्मचारियो ने मांग की वसूली के लिये समिति कर्मचारी के साथ साथ कैडर सचिव, सहायक विकास अधि कारी सहकारिता कुर्क अमीन एव बैंक कार्मिको की भी जिम्मेदारी बनती है। परंतु उनके वेतन रोकने के आदेश कभी क्यो नही जारी किये जाते। कर्मचारियो का एक आरोप यह भी था कि जो कर्मचारी अपनी पूरी जिंदगी मेहनत व लगन से कार्य करता है उसके सेवानिर्वत होने के बाद समय से उनके फंड आदि का भुगतान नही किया जाता है बल्की कुछ कर्मचारी ऐसे भी है जिनको सेवनिर्वत हुए 2-2 साल हो गये है परंतु उनके देयको का आज तक भुगतान नही किया गया है। वह अपने देयको के



भुगतान प्रप्ति के लिये कई बार पत्राचार कर चुके है। अब उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। यूनियन अध्यक्ष प्रकाश जोशी ने कर्मचारियो की सभी समस्याओ का जल्द समाधान कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी का भूलवश वेतन गलत बन गया है तो वह अभी इसका सुधार करा ले ताकि आगे जाकर उनको किसी परेशानी का सामना ना करना पडे। साथ ही उन्होने कर्मचारियो को आशवस्त किया कि वेतन विसंगती मामले में किसी भी कर्मचारी से किसी भी कीमत पर वसूली नही होने दी जायेगी। फिर चाहे इसके लिये आंदोलन, तालाबंदी, या उच्च न्यालय की शरण मे ही क्यो ना जाना पडे। इसके बाद जोशी ने जिला सहायक निबंधक डा. बीएस मनराल से मुलाकात कर कर्मचारियो की समस्याओ से अवगत कराता। उन्होंने कर्मचारियों की वेतन आदि समस्याओ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जिस पर सभी पदधिकारियो ने डा. मनराल का आभार व्यक्त किया साथ ही उनके देहरादून स्थानांतरण हो जाने पर बुके भेट कर शुभकामनाये दी द्य इस मोके पर रमेश जोशी, शुभम चोधरी, पंकज अरोरा, राजवीर सिंह, रमन चोध री, दिलजीत सिंह, हरीश जोशी, बलवंत रावत ,लक्श्मन सिंह, पंकज कुमार, रवी सागर, तस्वीर हुसैन, जावेद आलम, रिशभ शर्मा, चेतन बमेटा, सचिन कुमार, मनोज चौहान, बसंत यादव, रतनाकर कुमार, तपन सरकार, आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंगल पड़ाव और मंडी क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए एसपी सिटी नोडल अधिकारी निर्वाचन प्रकाश चंद्र के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार मलिक के नेतृत्व में हल्द्वानी पुलिस द्वारा



आइटीबीपी फोर्स के साथ थाना हल्द्वानी के मंगलपड़ाव और मंडी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम जनता को निष्पक्ष एवम भयमुक्त मतदान करने के लिए आश्वस्त किया गया। फ्लैग मार्च में श्री महेंद्र प्रसाद, श्री मनोज कोठरी एसएसआई हल्द्वानी, श्री दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव व थाना पुलिस बल समेत पैरामिलिट्री सुरक्षा बल उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय चिकित्सा कैंप में हजारों शिव भक्तों का किया उपचार

काशीपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन मौके पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर लौट रहे कांवरियों की सेवा के निमित्त भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा लगाए चार दिवसीय चिकित्सा कैंप का अपराह्नबाद समापन हो गया। इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा पंजीकृत दिल्ली के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। शिव भक्तों की सेवा करते हुए उन्होंने कहा कि बड़े भाग्यशाली लोगों को यह मौका मिल पाता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर आराधना कर पुण्य लाभ लेना



चाहिए। उन्होंने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं कैंप में निरंकार सेवा कर रहे समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। चिकित्सा कैंप में निरंतर चार दिन रुक कर कांवरियों की सेवा करने वाले प्रख्यात समाजसेवी डॉ जे के राणा ने बताया कि चार दिवसीय कैंप के दौरान हजारों शिव भक्तों को निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का अगला चिकित्सा कैंप ऐतिहासिक चौती मेले में लगाया जाएगा।

# भाजपा के विधानसभा संयोजक बने उमेश अग्रवाल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के चलते नानकमत्ता विधानसभा का संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापारी उमेश अग्रवाल को नानकमत्ता विध



ानसभा का लघु उद्योग प्रकोष्ठ संयोजक एवं शंकर सिंह बसेड़ा को दिव्यांग प्रकोष्ठ का सह संयोजक नियुक्त किया है। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी उसे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। इनकी नियुक्ति पर पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा,वरूण अग्रवाल ,मण्डल अध्यक्ष ध ्रुव सिंह राणा, ओम नरायण राणा, जितेन्द्र राणा, विराट गोयल, छगन लाल अग्रवाल, जगदीश जोशी, विशाल गोयल,शुभम अग्रवाल ने हर्श व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है।

# साईबर ठगों ने खाते से ऑनलाईन 2 लाख 15 हजार रूपये उड़ाए

काशीपुर। ठगों एक व्यक्ति से ऑनलाइन 2 लाख 15 हजार की रकम हड़प ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला श्याम पुरम थाना, खड़कपुर देवीपुरा आईटीआई निवासी महावीर सैनी पुत्र जसवंत सिंह ने बताया कि पिछले दिनों अज्ञात शख्स ने उसे झांसी में लेकर ऑनलाइन 2 लाख 15 हजार की रकम उड़ा दी। ध ोखाधड़ी के इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# पुलिस कर्मी ने खून देकर बचाई महिला की जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यातायात पुलिस कर्मी ने एक जरूरतमंद महिला को आपात स्थिति में ब्लड देकर जान बचाई है। मानवता की मिसाल पेश करने वाले योगेश जोशी यातायात पुलिस की क्रेन के चालक हैं। दरअसल डाक्टर कालोनी स्थित एक अस्पताल में महिला गंभीर हालत में भर्ती थी। उसे ए निगेटिव ब्लड की जरूरत थी। ब्लड नहीं मिलने के कारण परिवार के लोग इधर उधर भटक रहे थे। डीडी चौक पर तैनात योगेश जोशी को जब जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया जिससे महिला की जान बच पाई। 12 घंटे ड्यूटी के बाद भी पुलिस कर्मी द्वारा रक्तदान कर महिला की जान बचाने पर विभाग के साथ ही पीड़ित परिवार ने भी योगेश जोशी के कार्य की सराहना की। साथ ही अन्य लोगों से भी रक्तदान के लिए प्रेरित होने की अपील की।

# अच्छाई ग्रहण कर अपने जीवन को समाज के लिए अर्पित करें: चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का। उसके यहाँ ऊँच -नीच, जाति- पाति आदि का कोई भेद नहीं है। परमात्मा के लिए तो एक मात्र प्रेमपूर्ण भक्ति ही सर्वस्व है। भक्तिहीन मनुष्य ठीक उसी प्रकार है जैसे बिना जल के बादल, चाहे वह कितने ही उज्जवल क्यों न हो, मगर किसी के काम के नहीं होते। भक्तिहीन जीवन कितनी ही विशेषताओं से पूर्ण होने पर भी बेकार है।भक्तिमय मनुष्य परमात्मा को अत्यंत प्रिय होते हैं। और वही विशेष कृपा के अधिकारी होते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए। तथा न ही पहुँचाने



की प्रेरणा या इच्छा करनी चाहिए। प्रेम पूर्वक की गई भक्ति से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। और अपने भक्तों पर कृपा करते हैं।उन्होंने कहा कि इस संसार में कर्म, विकर्म, अकर्म को समझना बड़ा ही कठिन है। इनको या तो भगवान जानते हैं या तो भगवद तत्व का अनुभव करने वाले महात्मा लोग जानते हैं। अपने मन से कल्पना कर बैठना की यह पाप है, यह पुण्य है, यह अज्ञानता का लक्षण है। परमात्मा के सिवाय ऐसा कौन है जिसको पाप और पुण्य का साक्षात्कार हुआ हो ? इसी कारण भगवान खरा खोटा नहीं देखते हैं जो उनकी शरण में आ जाए उसे स्वीकार कर लेते हैं। सुख-दुख, हानि-लाभ, यश-अपयश, जीवन- मृत्यु, अनुकूल- प्रतिकूल सभी में परमात्मा की कृपा का सदैव अनुभव करते हुए प्रभु स्मरण व अपने अपने कर्तव्यों का पालन करते रहने में ही कल्याण है। उन्होंने कहा कि अपनी गलतियों को, दोषो, विकारो, व्यसनों व बुराइयों को कभी छोटा न समझे । छोटी-छोटी कमियां ही एक दिन बहुत बड़ी कमी बन जाती है। जो हमारे जीवन को पतन के कगार पर पहुंचा देती हैं। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरू महाराज", "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया" की जय जयकार से गूंज उठा।श्री हरि कृपा धाम आश्रम में श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए भक्तों का ताँता लगा रहा ।




# महतोष से गदरपुर तक अजय भट्ट ने निकाला रोड शो

गदरपुर( उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी घोषित हुए अजय भट्ट का गदरपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने महतोष से सरदार नगर चक्की तक रोड शो भी निकला। रोड शो के दौरान अजय भट्ट का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। अजय भट्ट ने खुली जीप में सवार होकर क्षेत्र जनता और मतदाताओं का आभार व्यक्त किया, उनके साथ विधायक अरविंद पांडे और भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा सहित तमाम कार्यकर्ता भी जीप में सवार थे। अजय भट्ट ने कहा कि भाजपा हाई कमान ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दोबारा नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी घोषित किया है, उसे विश्वास को कभी भी कम नहीं होने दिया जाएगा।विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि अजय भट्ट के प्रति भाजपा संगठन ने भरोसा जताया है। लोकसभा चुनाव में अजय भट्ट को 5 लाख से अधिक मतों से विजई बनाकर संसद भेजा जाएगा ।काशीपुर





भाजपा के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि इस बार फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है और 400 पर के नारे को साकार करना है । इस मौके पर मिष्ठान विक्रेता संघ के अध्यक्ष राकेश गुंबर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अजय भट्ट को लड्डुओं से तौला। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी कमलेंद्र सेमवाल, विधानसभा विस्तारक खीमानंद जोशी, तिलकराज गंभीर, सुरेश खुराना, अभिषेक वर्मा, अशोक हुड़िया, सुभाष गुंबर, लवली हुड़िया, अनिल जेटली, भोला शर्मा, हिमांशु सरकार, अभिषेक गुंबर, प्रगट पन्नू, मुनी भुसरी, पंकज सेतिया, हरभजन सिंह, प्रमोद बजाज, सतीश खुग्गर,रोहित कुमार सुदामा, मनोज गुंबर, अरविंद पाल, मोहन सिंह पानू,कपिल कुमार, विजय मंडल, सीमा सरकार, ज्योति अरोरा, पूनम ग्रोवर, ज्योति शर्मा आदि मौजूद थे।

## राम जी आशीर्वाद देंगे और मोदी जी फिर आएंगे: गुंजन सुखीजा

गदरपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि बीजेपी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो लॉन्च किया जिसमें 2014 के बाद से मोदी सरकार की झांलकियां नजर आ रही है। वीडियो की शुरूआत उनके मंदिर दौरे, नए संसद भवन में, सेंगोल की स्थापना के साथ-साथ भारत और विदेशों में उनकी सार्वजनिक बातचीत से हो रही है। वीडियो में पार्टी इस बात पर जोर देती नजर आ रही है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विपक्ष के विरोध के बावजूद वादों को पूरा करने में सफल रही है। घमंडियों का भी जिक्र इसमें है जिसे भगवा पार्टी ने इंडिया ब्लॉक के लिए इस्तेमाल किया है। बीजेपी की ओर से मैसेज दिया गया है कि मोदी केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीय की आकांक्षाओ के प्रतीक है। राम जी आशीर्वाद देंगे और मोदी फिर आएंगे। नरेंद्र मोदी 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं पार्टी ने वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वही गुंजन सुखीजा ने कहा मोदी जी के नारा 400 पर अबकी बार को साकार करेंगे।



## कांवरियों की सेवा में भुड्डी धर्मशाला में लगातार चलाया जा रहा है भंडारा

गदरपुर( उद संवाददाता)। हरिद्वार से कांवर में गंगाजल लेकर आ रहे कांवरियों की सेवा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भुड्डी धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया जा रहा है । प्रत्येक वर्ष की तरह इस इस बार भी भोले भक्तों के भौजन और आराम की व्यवस्था की गई है सेवा करने में अशोक गुड्डी,राजकुमार भुड्डी ,बलदेव ढींगरा, लवली हुड़िया, डिंपल आहूजा ,विजय छाबड़ा ,लेखराज भुड्डी,



अशोक छाबड़ा, लेखराज नागपाल, सूरज भुसरी, अशोक हुड़िया, धीरज गुलाटी, अरविंद धवन ,पंकज सेतिया, अशोक गंडा, पारस धवन, नरेश छाबड़ा, सुभाष खुराना ,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, संदीप चावला, राहुल अनेजा, पंडित विजय शास्त्री, पंकज बजाज, अनिल भुसरी आदि भगत सेवा करने में लगे हुए हैं।

## राघव कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के ओबीसी विभाग में युवा नेता राघव सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर राघव सिंह ने कांग्रेस आलाकमान को धन्यवाद दिया है। उन्होंने यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और कांग्रेस विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, साथ ही उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी के अध्यक्ष आशीष सेनी का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे वह अपनी मेहनत और लगन से निभायेंगे। राघव सिंह ने कहा कि पार्टी ने जब भी उन्हें जिम्मेदारी दी है उसे बखूबी निभाया है और



उसी का नतीजा है कि पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ उतरेगी और बीजेपी जैसी सांप्रदायिक ताकतों को करारा जवाब देगी। उनके मनोनयन पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वर्तमान किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, मोहन खेड़ा, आदि कांग्रेस जनों ने बधाई दी।

## छात्रा से अश्लील हरकतें करने पर बॉक्सिंग कोच को पांच वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग छात्रा खिलाड़ी के साथ अश्लील हरकतें करने वाले बॉक्सिंग कोच को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने 5 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि काशीपुर सिथत सॉई स्टेडियम में डे बोर्डिंग की नाबालिग छात्रा बॉक्सिंग सीखने जाती थी। वहाँ तैनात बॉक्सिंग कोच हरजिंदर सिंह सन्धु सर्च के बहाने उसके नाजुक अंगों को छेड़ता था और मना करती थी तो नहीं मानता था । 17 जुलाई 2019 को जब कोच ने वही प्रक्रिया दोहराते हुए जबरदस्ती की तो छात्रा ने घर जाकर अपने माता पिता को सारी घटना बताई जिन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण ट्रेनिंग सेंटर काशीपुर की प्रभारी ज्योति साह को सारी घटना की जानकारी दी जिन्होंने इसकी जॉच हेतु एक कमेटी गठित कर दी और जॉच में कोच दोषी पाया गया जिसके बाद प्रभारी द्वारा कोच के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई ।पुलिस ने कोच के विरूद्ध चार्ज शीट पॉकसो कोर्ट में पेश कर दी।कोच के विरूद्ध पॉकसो कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 10 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद बुधवार को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने दोषी हरजिंदर सिंह सन्धु को धारा 9/10 पॉकसो एक्ट में 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने तथा धारा 354 आईपीसी में 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही राज्य सरकार से पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में 1 लाख रुपए देने के लिए कहा है ।

## महाशिवरात्रि के लिए सजा पांच मंदिर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि पर्व के लिए शहर के पांच मंदिर में विशेष तैयारियां की गयी है। जानकारी देते हुए श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने कहा कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को श्री लक्ष्मी



नारायण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में 7 मार्च को कांवर लेकर आने वाले भक्तों के लिए रुकने एवं लंगर की व्यवस्था सभा द्वारा की गयी है तथा 8 मार्च को प्रातः 4 बजे भक्तों के दर्शनार्थ मंदिर के कपाट खुलेंगे।श्री बब्बर ने भक्तों से निवेदन किया है कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंचकर कावड़ लेकर आए भक्तों की सेवा करें एवं शिव भोले भंडारी के दर्शन कर पुण्य के भागी बनें।

## जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी राष्ट्रीय पुरुस्कार मिलने पर हर्ष व्यक्त

नैनीताल(उद संवाददाता)।कुमाऊं विश्विद्यालय शिक्षक कुटा ने युगमंच नैनीताल के निदेशक जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी राष्ट्रीय पुरुस्कार राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के द्वारा पुरुस्कृत किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया एवं जहूर आलम को इस सम्मानित पुरुस्कार के लिए चयनित होने पर बधाई एवम शुभकामनाएं दी। कुटा ने इसे उत्तराखंड का गौरव कहा है। कूटा ने लालकुआं अमृतसर ट्रेन के संचालन के लिए भी केंद्रीय रेल मंत्री तथा सांसद एवं मंत्री अजय भट्ट का भी आभार व्यक्त किया, कूटा ने कहा इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा लोगो को सुविधा मिलेगी। शिक्षक संगठन की तरफ से प्रो.ललित तिवारी, डॉ.विजय कुमार , प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार , डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी, डॉक्टर दीपिका गोस्वामी,प्रो अनिल बिष्ट ,डॉक्टर उमंग सैनी,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर सीमा चौहान , डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ,डॉक्टर युगल जोशी डॉक्टर रितेश साह ,इत्यादि ने खुशी व्यक्त की।

## भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के दविंदर बने प्रदेश अध्यक्ष

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी- प्रणित भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से दविंदर पाल को उत्तराखंड राज्य के प्रदेश अध्यक्ष के पद का दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने नये पद के लिए उनको बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर दविंदर पाल ने पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ श्रमिकों, कामगारों और कर्मचारियों के हित के लिए हर संभव कार्य करेंगे। दविंदर पाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव शेट्टी, राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक, राष्ट्रीय सचिव राम मनोहर पाठक एवं राष्ट्रीय और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।



# बेहड़ ने लाखों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास



किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपनी विधानसभा किच्छा के अंतर्गत् विभिन्न गाँवो तथा किच्छा वार्ड 03,14,16 में राज्य वित्त,जिला योजना व विधायक निधि से निर्मित कराये कराये जा रहे 4 विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों की कुल लागत 62.43 लाख है, इसके तहत ग्राम कनकपुर में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से निर्मित श्री गुरुद्वारा साहिब में सौदिर्यीकरण कार्यो का उद्घाटन किया व ग्राम राघव नगर में राज्य योजना के तहत निर्मित करायी गयी। 17.21 लाख की लागत से नगला लालपुर मार्ग से राघवनगर तक मार्ग के सतह सुधार कार्य का लोकर्पण तथा जिला योजना से निर्मित 40.22 लाख की लागत की दो सड़के क्रमशः किच्छा के वार्ड न०-03 किशनपुर होली चौक में मीटर सड़क तथा वार्ड 13/14 में 200 मीटर सड़कों का शिलान्यस नारियल फोडकर समस्त क्षेत्रवासियों के साथ किया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा किच्छा विधानसभा के हर वर्ग का बराबर ध्यान रखा जा रहा है उनको लगभग 2 माह पूर्व किच्छा के व्यापारियों ने उनके कार्यालय में आकर किच्छा पुरानी बैंक वाली गली शास्त्री मार्किट के सड़क की जर्जर हो चुकी हालत से अवगत कराया तथा पुनः निर्माण की मांग की थी उनकी मांग पर तुरत संज्ञान लेते हुए उन्होंहे इस जर्जर हो चुकी 200 मीटर सड़क का निर्माण जिला योजना के तहत कराये जाने का आश्वाशन दिया था,इस सड़क का कार्य प्रारम्भ हो चूका है और कुछ हि दिन में ये बनकर तैयार हो जाएगी जिसका आज शिलान्यास किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से यहाँ के व्यापरियों समेत कई वार्डों के निवासी जो इस सड़क से होकर गुजरते थे उनको भी राहत मिलेगी। उन्होंने सभी विधानसभा के निवासियों व व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह विकास कार्य जारी रखेंगे। इस दौरान किच्छा व्यापार मण्डल की तरफ से सतपाल गाबा, महामंत्री विजय अरोरा व कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला के नेतृत्व में भारी संख्या में पहुंचे व्यापारियों ने विधायक बेहड़ का सड़क बनाए जाने हेतु आभार व धन्यवाद दिया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ,राजेश प्रताप सिंह,मेजर सिंह,अशोक चुघ,गुरदास कालड़ा,जसवंत सिंह,बंटी गाबा,बलराम सिंह,वेद छाबड़ा,दलीप सिंह बिष्ट,जितेश राय,गुड्डू सिंह,योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, लियाकत अंसारी,जीवन जोशी,नरेश जोशी,राम बाबू,गिरीश चिटकारा,ओमप्रकाश दुआ,रहीस एहमद , गुलशन सिन्धी,सुनील ठाकुर, इन्तजार मलिक, नजाकत खान,दानिश मलिक,केवल मित्रा,नितिन शर्मा, हरविंदर सिंह,छोटू कोली,गुरचरण सिंह, गुरमेल सिंह,गुरदीप सिंह,संतोष ठाकुर, फरियाद शाह,राकेश कुमार ,संजय राय, रवि कुमार,रिंकू मल्होत्रा, डिम्पल चिटकारा, सन्नी अग्रवाल,शानू मलिक, सुनीता कश्यप,सुधा जोशी, कलावती, प्रेमाभट्ट ,मीना शर्मा,सोनी, शरण पाल शर्मा,नारद,दुष्यंत,डॉ कार्तिक ,अमल, जुनैद मालिक,राजेश कुमार, विजय नाथ राय,विजय बहादुर, संजय कुशवाहा, डिम्पल,अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नगर इकाई का गठन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में पत्रकार हितों पर व्यापक चर्चा के साथ ही नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पत्रकार संजय प्रसाद को नगर अध्यक्ष और दीपक भंडारी को नगर महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही मनोज भट्ट को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर विशेष संरक्षक प्रयाग



पांडे और प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष गणेश पाठक ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों के हितों को लेकर हरस्तर पर आवाज उठाई जाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारी जल्द ही अपनी कार्यकारिणी में और लोगों को दायित्व सौपेंगे। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष डा. विपिन चंद्र, अनुज सक्सेना, अंकुर शर्मा, सर्वेश तिवारी, राहुल सिंह दरमवाल, ऋषि कपूर, पंकज सक्सेना, मुकेश सक्सेना, रक्षित टंडन, अंजली पंत, समी आलम, सौरभ बजाज, हिमांशु वार्ष्णेय मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स कांपलेक्स में निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। खेल, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार, स्पोर्टस काम्पलैक्स एवं राजकीय किशोर व महिला संप्रेषण गृह का निरीक्षण किया। उत्तराखंड को जिस तरह देवभूमि के नाम से जानते है उसी प्रकार इसे खेल भूमि के रूप में ख्याति/जाना जायेगा सरकार इसके लिए लगातार कार्य कर रही हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को हल्द्वानी स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कांपलेक्स में विभिन्न निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के दिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही होने पर कार्यवाही की जायेगी। श्रीमती आर्य ने कहा कि बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, स्विमिंग पूल सहित विभिन्न गेम्स के बन रहे स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कर विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के रखरखाव का विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए, साथ ही जल्द से जल्द खेलों को प्रारम्भ करने के लिए विभागीय अधिकारियों को कहा। इस दौरान टेबल टेनिस कोर्ट की जर्जर स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। क्रिकेट स्टेडियम को निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि विभाग क्रिकेट स्टेडियम में जल्द से जल्द क्रिकेट कराने के लिए गंभीर है और इसके लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा कर जल्द इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके पश्चात मंत्री श्रीमती आर्य ने हल्द्वानी में स्पोर्ट्स स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जरूरी व्यवस्थाओं निरीक्षण कर कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाडियों के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खिलाडियों के लिए खेल विभाग लगातार अनुकूल वातावरण के लिए प्रयासरत है। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने किशोर व महिला संप्रेषण गृह का भी औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने बच्चो व महिलाओं से बातचीत की साथ ही उनका हालचाल जाना। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे लोगो को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक खेल रशिका सिददीकी, प्रभारी खेल अधिकारी जानकी कार्की, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,प्रदीप जनौटी,संदीप पाण्डे,बाबी आर्य आदि उपस्थित थे।।

# सांसद भट्ट व विधायक शिव का किया स्वागत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रुद्रपुर गांधी पार्क में पहुंचे केंद्रीय एवं पर्यटन रक्षा राज्य मंत्री सांसद अजय भट्ट को पुनः नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट का भाजपा प्रत्याशी बनाने पर लघु व्यापार एसोसिएशन के रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में लघु व्यवसायियों ने फूल माला पहनकर स्वागत कर उन्हें बधाई दी। श्री शर्मा ने कहा कि सांसद अजय भट्ट की अगुवाई में संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्य हुए। साथ ही आम जनता की तमाम समस्याओं का समाधान भी हुआ। उन्होंने कहा कि श्री भट्ट सांसद के रूप में जनता के साथ ही पार्टी की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरे उतरे। जिसे देखकर पार्टी हाईकमान ने श्री भट्ट की पुनः इस लोकसभा सीट के लिए पार्टी बनाने का निश्चय किया। श्री शर्मा ने कहा कि सांसद भट्ट पहले से भी अधिक मतों से जीत हासिल करेंगे। बधाई देने वालों में जिला उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष सुभाष रस्तोगी, प्रहलाद सिंह, ओमपाल कोली, गौतम रस्तोगी, आकाश पाल अशोक रस्तोगी राजू कोली, नन्हे सागर, सूरज कश्यप, ओमकार कश्यप, श्याम कश्यप, रिंकू माली, सुबोध गुप्ता आदि शामिल थे।

# निकायों के दायरे में आये गांवों को भी स्वामित्व योजना का लाभ दिलाने की मांग



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किए की मांग को लेकर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री धामी को दिए गए ज्ञापन में चुघ ने कहा कि नगर निगम, नगर पंचायत व नगर पालिका क्षेत्र के दायरे में आने वाले आसपास के गांव को शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए थे। जिसके चलते उन्हें कई असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ।उन्होंने कहा ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र हैं जो निगम में शामिल हो चुके हैं जिस कारण स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी न होने के चलते उन्हें संबंधित विभाग में मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जा रहा ।उन्होंने कहा कि ऐसे गांव को उत्तराखंड सरकार ने गृह कर में 10 साल की छूट आवंटित कर रखी है ।उन्होंने कहा कि गांव की भू आबादी के आधार पर पूर्ण स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किए जाने का शासनादेश किया जाए। क्योंकि संपूर्ण उत्तराखंड में समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए हैं। लेकिन नगर निगम, नगर पंचायत और नगर पालिका के लिए जारी नहीं किए गए हैं उन्होंने मांग की जो गांव इसके अधीन आते हैं उन्हें तत्काल स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी की जाने का शासनादेश किया जाए ,ताकि जनता को उसका लाभ मिल सके।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें कार्यकर्ता: भौर्याल

खटीमा।भाजपा के कार्यकर्ताओं की कार्यकारिणी बैठक ब्लाक सभागर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी ने की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लोकसभा के प्रभारी बलवंत भोर्याल ने कार्यकर्ताओं की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी बलवंत भोर्याल कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनावों की समीक्षा की लोकसभा चुनाव की तैयारियो को लेकर तीनों मंडलों के कार्यकर्ताओं, सभी मोर्चो के पदाधिकारी को अपने अपने बूथों पर शत प्रतिशत वोट डलवाने के लिऐ हर सम्भव प्रयास करने को कहा। लोकसभा विस्तारक प्रदीप आर्या ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशी को चार लाख वोटों से जिताकर संसद मे भेजना हैं।इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पूरी तरह लोकसभा छेत्र में जनता के बीच जाना चाहिए। बैठक में विधानसभा विस्तारक आलोक तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,नंदन खड़ायत,सतीश गोयल, रणजीत सिंह नामधारी, हिमांशु बिष्ट, गोपाल बोरा, मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, विक्रम भट्ट,सोमनाथ मौर्य,मौनी पोखरिया, अनुपम शर्मा,राहुल चौहान,सचिन रस्तोगी, अमित पांडेय, दीपक तिवारी, नवीन बोरा, गंभीर धामी, किशन किन्ना, रेनू भण्डारी, नवल वाल्मीकिउपस्थित थे।





# मन्दिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम की नई कार्यकारिणी गठित

## रामबाबू मिश्रा अध्यक्ष, विजय फुटेला महामंत्री बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मन्दिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम की नई कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया।कार्यकारिणी घोषित करते हुए मंदिर के स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज ने रामबाबू मिश्रा को अध्यक्ष, सुभाष खंडेलवाल



को उपाध्यक्ष,विजय फुटेला को महामंत्री एवं सुरेश मदान को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा। नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने स्वामी जी का आशीर्वाद ग्रहण करते हुए कहा जो भी सेवा उन्हे सौंपी गई है उसे पूर्ण रूप से निभाया जाएगा। उन्होंने स्वामी नारायण चैतन्य जी का आभार व्यक्त किया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### वन्यजीवों का संरक्षण

वन्यजीव संरक्षण को लेकर सरकारें और इससे जुड़े महकमे कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा उत्तराखंड के जिम कार्बेट बाघ आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और अवैध निर्माण से लगाया जा सकता है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन वनमंत्री और उप-वन अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई है। गौरतलब है कि जिम कार्बेट में वनमंत्री रहते हरख सिंह रावत ने चिड़ियाघर से बाघ लाकर बसाने के नाम पर आरक्षित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कराई और अनावश्यक निर्माण शुरू करा दिए। उसमें वनमंत्री के चहेते तत्कालीन उप-वन अधिकारी और दूसरे अफसर भी शामिल थे। अदालत ने उस इलाके में सफारी यानी सैर-सपाटे पर रोक लगाते हुए सीबीआइ से तीन महीने के भीतर वहां की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।वन्यजीव संरक्षण कानून के मुताबिक वन क्षेत्रों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि के खिलाफ कड़े दंड के प्रावधान हैं। मगर विचित्र है कि उत्तराखंड के तत्कालीन वनमंत्री ने जिम कार्बेट में सारे कानूनों को ताक पर रख दिया। दरअसल, सैलानियों को आकर्षित करने के मकसद से बहुत सारे अभयारण्यों, वन्यजीव आरक्षित क्षेत्रों पर व्यवसायियों की नजर लगी रहती है। वे सरकार से नजदीकी गांठ कर उन क्षेत्रों में रहने, ठहरने, मनोरंजन, सैर-सपाटे वगैरह के सरंजाम जुटाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। अनेक अभयारण्यों के सुरक्षित क्षेत्रों के भीतर अतिथि गृह, मोटेल, रेस्तरां, सफारी, मनोरंजन की जगहें बना ली गई हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम आदि के अभयारण्यों में अतिक्रमण की अनेक पुरानी शिकायतें हैं। उन पर विवाद उठते रहे हैं, अदालत में भी उन्हें हटाने की गुहार लगाई जाती रही, मगर वन अधिकारियों की कृपा से उनके कारोबार पर आंच नहीं आ पाती। जिम कार्बेट के बाहरी क्षेत्र में भी ठहरने, मनोरंजन और खानपान की ऐसी कई जगहें बना ली गई हैं। ऐसी गतिविधियों से उन इलाकों में तेज शोर, रोशनी और वाहनों आदि की आवाजाही के चलते न केवल वन्यजीवों की स्वाभाविक दिनचर्या बाधित होती, बल्कि वे हर समय भयभीत रहते हैं। इससे वहां का पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित होता और वन्यजीवों के रहवास पर बुरा असर पड़ता है। मगर उन्हें अपना स्वार्थ सबसे ऊपर नजर आया। इस प्रकरण से दूसरे अभयारण्यों और वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों से जुड़े अधिकारी कितना सबक लेंगे, देखने की बात है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में घिरे कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी

## आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने विजिलेंस में की शिकायत

देहरादून(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी आय से अधिक संपत्ति के मामले में घिर गये हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने आरटीआई और एडीआर रिपोर्ट के माध्यम से उनकी आय पर खुलासा किया है कि पिछले 15 साल



में गणेश जोशी करोड़पति हो गये। उनके देहरादून और हरिद्वार में दस से अधिक प्लाट और फैक्ट्री हैं। एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार गणेश जोशी ने विधायक और मंत्री रहते हुए महज 36 लाख का वेतन हासिल किया जबकि उन्होंने 2022 के चुनाव में जो हलफनामा दिया तो उसमें उन्होंने अपनी आय 9 करोड़ बताई है। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक जोशी ने आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। इस मामले में उन्होंने विजिलेंस और प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत की है। एडवोकेट विकेश नेगी ने विजिलेंस को दी गयी शिकायत में कहा है कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी 2011 में 15 लाख 60 हजार 730 रुपये, सन 2012 में 44 लाख 61 हजार 590 रुपये, सन 2015 में 13 लाख 11 हजार 350 रुपये, 2016 में 30 लाख 33 हजार 980 रुपये, सन 2017 में 3 लाख 40 हजार 460 रुपये, सन 2018 में 36 लाख 74 हजार 480 रुपये, सन 2019 में 51 लाख 94 हजार 720 रुपये, सन 2020 में 73 लाख 10 हजार 800 रुपये, 2021 में 63 लाख 72 हजार रुपये, 2022 में एक करोड़ 46 लाख 48 हजार 520 रुपये की संपत्ति अपने, अपनी पुत्री नेहा जोशी, पुत्र मयंक जोशी अपनी पत्नी निर्मला जोशी के नाम से खरीदी। तब उनके पुत्र और पुत्री पूरी तरह से उन पर आश्रित थे। इस प्रकार गणेश जोशी ने इस अवधि में कुल 5 करोड़ आठ लाख 89 हजार 510 रुपये की संपत्ति खरीदी जो कि उनके ज्ञात आय स्रोतों से कहीं अधिक है। गणेश जोशी ने अरुण गुप्ता और चेतना पंत के साथ मिलकर 2011 में 34 लाख 40 रुपये की संपत्ति बेची, जिसमें गणेश जोशी का एक तिहाई हिस्सा था। एक भूमि उनकी पत्नी निर्मला जोशी ने पट्टे पर दी जिसमें उनका चौथाई हिस्सा है। एडवोकेट विकेश नेगी ने कहा कि 2017 में भी गणेश जोशी की पत्नी निर्मला जोशी ने एक करोड़ 71 लाख 57 हजार की एक भूमि बेची जिसमें उनका चौथाई हिस्सा था। इसी तरह से निर्मला ने एक और जमीन इसी दिन 33 लाख 68 हजार की बेची। इसमें भी उनका चौथाई हिस्सा था। एडवोकेट विकेश नेगी के अनुसार गणेश जोशी के पुत्र मयंक जोशी ने अपनी पत्नी पंखुड़ी शर्मा को 8 मई 2019 को एक जमीन उपहार में दी। जिसका मूल्य 6 लाख 15 हजार दर्शाया गया। ऐसे ही गणेश जोशी ने अपने बेटे मयंक जोशी को 2021 में एक संपत्ति दान में दी। सौरभ नागिया जो गणेश जोशी का दामाद है ने 2 करोड़ 76 लाख रुपये बाजारी मूल्य की भूमि अपनी पत्नी नेहा जोशी को दान स्वरूप दी। इसके बाद नेहा जोशी ने यही भूमि अपने भाई मयंक जोशी को दान कर दी। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक यह मनी लांड्रिंग है। एडवोकेट विकेश नेगी ने खुलासा किया है कि गणेश जोशी के पुत्र मयंक जोशी ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत के ओएसडी धीरेंद्र पंवार के साथ मिलकर सिडकुल की एक भूमि 45 लाख 95 हजार रुपये में पट्टे पर ली है। एडवोकेट नेगी के मुताबिक यह सब आय से बहुत अधिक है। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक 2007 के चुनाव में गणेश जोशी ने जो हलफनामा दायर किया था। उसमें कुल 42 लाख की संपत्ति दर्शायी थी। मजेदार बात यह है कि गणेश जोशी ने 2011 में जो आयकर रिटर्न भरा, उसमें अपनी आय महज तीन लाख 90 हजार 692 रुपये दर्शायी। 2012 के चुनाव में जो हलफनामा दिया गया था उसमें उन्होंने बैंकों में अपनी जमा पूंजी लगभग 13 लाख बतायी। एफडी और एनएससी से दस लाख की आय दिखाई। बच्चों की शिक्षा पर ऋण समेत 29 लाख 93 हजार का कर्ज दिखाया। चुनाव में गणेश जोशी ने 2012 में 9 लाख 55009, 2017 में 24 लाख 2 हजार 600 रुपये और 2022 में 29 लाख 99 हजार 222 रुपये का खर्च दर्शाया है। एडवोकेट विकेश नेगी के मुताबिक गणेश जोशी को एक विधायक और मंत्री के तौर पर 2007 से 2023 तक कुल 36 लाख 54 हजार रुपये वेतन के तौर पर मिला। जबकि 2022 में चुनाव हलफनामे में उन्होंने नौ करोड़ रुपये की संपत्ति बतायी है। एडवोकेट नेगी ने विजिलेंस से शिकायत की है कि गणेश जोशी ने पद का दुरुपयोग करते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। ऐसे में उनके खिलाफ धन शोधन पद के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# बदसलूकी करने के आरोप में भाजपा विधायक जीना पर मुकदमा दर्ज

देहरादून। देहरादून नगर निगम में नगर आयुक्त गौरव कुमार और अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने के मामले में सल्ट से भाजपा विधायक महेश जीना के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर बलवा, सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। मुकदमे में चार अन्य भी आरोपी हैं। बता दें कि नगर निगम चालक संघ के सचिव यशपाल सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। सल्ट से भाजपा विधायक महेश जीना ने मंगलवार को नगर निगम में जमकर हंगामा किया था। आरोप है कि परिचित का टेंडर निरस्त होने पर विधायक ने पहले कर्मचारियों के साथ गालीगलौज की, इसके बाद कार्यालय में घुसकर नगर आयुक्त के साथ बदसलूकी और गालीगलौज की। हाल ही में नगर निगम की ओर से सहस्रधारा रोड स्थित लोगीसी वेस्ट को खत्म करने के लिए टेंडर डाले गए थे। टेक्निकल बिड में पांच कंपनियां ही पहुंच पाई थीं। इसमें तीन कंपनियों को मानक पूरा न करने पर बाहर दिया था। बताया जा रहा है, इसमें से एक कंपनी सल्ट से भाजपा विधायक महेश जीना के परिचित की थी। टेंडर निरस्त होने से बौखलाए विधायक समर्थकों के साथ नगर निगम पहुंचे। पहले उन्होंने सहायक आयुक्त एसपी जोशी के कक्ष में जाकर कर्मचारियों को टेंडर की फाइल दिखाने को कहा। एसपी जोशी मौके पर मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद हेड क्लर्क पवन थापा को जिसका टेंडर खुला है, उसकी फाइल दिखाने को कहा। हेड क्लर्क ने जब फाइल दिखाने से मना किया तो आरोप है कि विधायक ने पवन थापा के साथ गालीगलौज और बदतमीजी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि हेड क्लर्क जब इस बात को लेकर नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचा तो विधायक महेश जीना भी नगर आयुक्त के कार्यालय में पहुंच गए। आरोप है कि टेंडर को लेकर उनकी नगर आयुक्त के साथ बहस हो गई। विधायक टेंडर की फाइल और जिस कमी के कारण उनके परिचित का टेंडर निरस्त किया गया, उसके बारे में बताने को कहने लगे। जब नगर आयुक्त ने मना किया तो विधायक आक्रोशित हो गए और आरोप है कि उन्होंने नगर आयुक्त के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। शोर सुनकर नगर निगम के कर्मचारी भी वहां पहुंच गए। कर्मचारियों के सामने भी विधायक सत्ता की हनक दिखाते रहे। बाद में और कर्मचारियों के जमा होने पर विधायक धमकी देकर वहां चले गए।

## सीएम और प्रदेश अध्यक्ष ने लिया मामले का संज्ञान, होगी जांच

देहरादून। नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ भाजपा विधायक द्वारा की बदतमीजी मामले अब तूल पकड़ता जा रहा है। जहां एक ओर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच गढ़वाल कमिश्नर को सौंपी है। वहीं अब मामले की जांच भाजपा संगठन स्तर पर भी होगी। भाजपा विध



यक के द्वारा नगर आयुक्त के साथ बदसलूकी मामले में अब भाजपा संगठन भी जांच करेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने महेश जीना मामले में जांच बैठा दी है। भट्ट ने महानगर अध्यक्ष सिदार्थ अग्रवाल को मामले की जांच सौंपी है। इसके साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से विनम्र व्यवहार करने की अपील की है। हालांकि मामले को लेकर सल्ट विधायक महेश जीना का बयान सामने आया था। जीना का कहना है कि कल हुए घटनाक्रम पर उन्हें कोई अफसोस नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधि को जानकारी नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि टेंडर में किस लिए कम्पनी को बाहर किया गया इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं दी गई। विधायक महेश जीना ने कहा कि वो विशेषाधिकार हनन के तहत विधानसभा में मुद्दा उठाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि मेरे बेटे का टेंडर से कोई लेना देना नहीं है। कांग्रेस अगर मेरे बेटे को लेकर टेंडर का आरोप लगा रही है तो इसके सबूत पेश करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं है इसलिए वो ये बात उठा रही है। महेश जीना ने कहा कि जनप्रतिनिधि को जानकारी देना अधिकारी ने उचित नहीं समझा। नगर निगम में मौजूद होने के बाद नगर आयुक्त ने झूठ बोला है। उन्होंने नगर आयुक्त को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि जो अधिकारी विधायक को जानकारी नहीं दे रहे हैं। वो जनता को कैसे सही देंगे।

# मालिकाना हक के पट्टे मिलने पर रामपाल का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नजूल भूमि पर मालिकाना हक के पट्टे मिलने पर रविन्द्रनगर वासियों ने निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।रविन्द्र नगर धोबीघाट में आयोजित कार्यक्रम में नजूल भूमि पर मालिकाना हक प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने निवर्तमान मेयर रामपाल और भाजपा नेता भारत भूषण चुघ का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया और मुख्यमंत्री एवं रामपाल सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूद्रपुर के गरीब परिवारों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि दशकों पुरानी नजूल भूमि पर मालिकाना हक की मांग को लेकर उन्होंने पांच वर्ष के कार्यकाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज उनका संकल्प पूरा हुआ है। धामी सरकार द्वारा नजूल नीति का सरलीकरण किये जाने के बाद से ही नगर निगम की ओर से 50 वर्ग मीटर तक के भूखंडों पर मालिकाना हक के पास ही दी गयी। किसी भी लाभार्थी को पत्रावलियां तैयार करने के लिए कहीं भी चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि जो भी लोग अभी मालिकाना हक से



वंचित हैं उन्हें भी शीघ्र मालिकाना हक दिलाया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वायदा पूरा होता है। जिस लिए घर घर जाकर फाईलें तैयार कराई गयी। पत्रावलियां तैयार करने के लिए विभिन्न बस्तियों में कैम्प लगाये गये और सभी सुविधायें पात्रों को उनके घर के तरह से प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर कोई संदेह नहीं होता। उसी तरह सीएम पुष्कर सिंह धामी भी जनता से किया गया हर वायदा पूरा कर रहे हैं। सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। जिसका लाभ आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिलेगा और पार्टी पांचों लोकसभा सीटों पर परचम लहरायेगी। इस अवसर पर नेत्रपाल मौर्य, धीरेंद्र मिश्रा, दिवाकर पांडे, के के दास, राकेश सिंह, राधेश शर्मा वीरेंद्र तिवारी, विजय बाजपेई, बबलू सागर, आयुष तनेजा, भुवन गुप्ता, शैलेंद्र रावत, निमित्त शर्मा, प्रमोद शर्मा ,नन्द लाल शर्मा, कन्हैया प्रसाद, श्रीकांत शर्मा, गणेश मिश्रा, हरिश्चंद्र पांडे, परिमल, हजरत राय, भागीरथ राय, रामनिवास राय, राधेश्याम प्रसाद,गौर विश्वास, अजीत राय, कलावती प्रेमवती निता, शकीला, प्रेमा आदि शामिल थे।

# बोर्ड परीक्षा देने गई छात्रा से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

काशीपुर। उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं की परीक्षा देने गई छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी चार मार्च को परीक्षा देने के लिए काशीपुर स्थित एक कॉलेज में गई थी लेकिन वह वहां नहीं पहुंची। स्कूल से उन्हें फोन कर बताया गया कि बेटी परीक्षा देने नहीं पहुंची है। उसे जल्दी भेज दीजिए। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। इस बीच एक परिचित ने बताया कि कॉलेज के पास से अंकित नाम का युवक उसे अपने दोस्त के साथ बाइक पर बैठाकर ले गया है। इसके बाद युवक के घर फोन किया गया तो सकारात्मक जवाब नहीं मिला। कुछ घंटे बाद बेटी घर आ गई। उसने बताया कि आरोपी उसे एक कमरे में ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसे बाइक में बैठाकर रोडवेज स्टेशन छोड़ गए। उसकी अश्लील फोटो भी खींची गई। चेतावनी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो उसकी फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर देगा। कोतवाली प्रभारी मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जागेश्वर में देवदार के पेड़ काटने के खिलाफ लोगों में आक्रोश

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में सड़क चौड़ीकरण के लिए देवदार के पेड़ काटे जाने हैं। इन पेड़ों पर निशान भी लगा दिए गए हैं। जिसके बाद लोगों का आक्रोश इस मामले को देखने को मिल रहा है। हालांकि सीएम धामी ने इस मामले में दोबारा सर्वे के निर्देश दे दिए हैं। जागेश्वर धाम में देवदार के पेड़ काटने का मुद्दा अब भी शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय लोगों के साथ ही अन्य लोग भी इस मुद्दे पर खुलकर विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वो किसी भी हाल में पेड़ों को नहीं काटने देंगे। इसके लिए अब सोशल मीडिया पर 'हिटो जागेश्वर' की मुहिम भी चल पड़ी है। हिटो जागेश्वर मुहिम के तहत लोगों से अपील की जा रही है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग आठ मार्च को जागेश्वर आएं और देवदार के पेड़ों लगे घावों को ठीक करने के लिए पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधे जाएंगे और देवदार के पेड़ों की रक्षा की जाएगी।

# महिला समेत तीन फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे महिला समेत तीन वारंटियों को कुंडेश्वरी पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक ब्रह्म नगर ढकिया कुंडेश्वरी निवासी मनोज पुत्र करन सिंह के खिलाफ अवैध कच्ची शराब के एक मामले में न्यायालय से वारंट जारी थे। इसी के बाद से वह फरार चल रहा था। इसी तरह पशु क्रूरता अधिनियम के एक मामले में नंबर एक शिवनगर निवासी सोनू पुत्र संतराम तथा 138 एन आई एक्ट के एक मामले में हरी नगर ढकिया कुंडेश्वरी निवासी कमलजीत कौर पत्नी अमरजीत सिंह की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। सूचना के आधार पर दबिश देकर पुलिस ने उपरोक्त तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# सिटी फॉरेस्ट में हुआ एडवेंचर्स एक्टिविटीज का शुभारंभ

रामनगर (उद संवाददाता)। कॉर्बेट पार्क से लगते रामनगर वन प्रभाग के सिटी फारेस्ट में एडवेंचर्स एक्टिविटीज का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। कॉर्बेट पार्क आने वाले पर्यटक अब जिप्सी सफारी ही नही बल्कि कॉर्बेट पार्क से लगे रामनगर वन प्रभाग के हल्द्वानी रामनगर मार्ग में स्थित सिटी फारेस्ट (नगर वन )में 17 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल के अंदर एडवेंचर्स बाइक राइडिंग के साथ ही कई अडवेंचरश एक्टिविटीज ,जिप लाइन,स्काई वाक,बर्मा ब्रिज,कमांडों नेट,एटीवी राइड,टायर एंड कमांडो नेट आदि का लुफ्त उठा सकेंगे। इस 17 हेक्टेयर क्षेत्र में बाल वाटिका, तितली वाटिका, गुलाब वाटिका, नव ग्रह वाटिका, नक्षत्र वाटिका, पंचवटी वाटिका, जन स्वास्थ्य वाटिका, मियावाकि वाटिका, रुद्राक्ष वाटिका, त्रिफला वाटिका में टहलने के दौरान शानदार खुशबू से मन खिल उठेगा। जानकारी देते हुए वन प्रभाग के डीएफओ दीगांत नायक ने बताया कि आज से रामनगर आने वाले पर्यटक अडवेंचरश पार्क का लुप्त उठा सकते है,जिसमे पर्यटक एडवेंचरस गतिविधियों का लुप्त उठाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी एडवेंचर एक्टिविटी का चार्ज 100 से 200 रुपये रखा गया है,दिगंथ नायक ने बताया कि इन सभी को कॉम्बो पैक लेने पर पर्यटक मात्रा 500 से 550 में सभी एक्टिविटीज का लुप्त उठा पाएंगे। उन्होंने बताया कि 4 अडवेंचर बाइकों को लाया गया है, जिनका शुल्क 200 रुपये रखा गया है। एडवेंचर पार्क का शुभारंभ करते हुए क्षेत्र के विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि यह पर्यटन गतिविधियों को और तेजी से बढ़ावा देने में सिद्ध होगा इससे पर्यटन के नए आयाम और खुलेंगे।



# शिवमय हुआ वातावरण,झूम उठे कांवरिए

सितारगंज(उद संवादाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के अलग-अलग मंदिरों से कांवरियों का जत्था हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। बुधवार को खटीमा रोड स्थित मोनी बाबा मंदिर, जेल कैम्प रोड स्थित प्राचीन भूमिया देवी मंदिर, चींती मजरा स्थित शिव मंदिर, मीना बाजार स्थित साई मंदिर से सैकड़ो की संख्या में कांवरिया सितारगंज से हरिद्वार पवित्र गंगा जल लेकर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ को शक्तिफार्म स्थित प्राचीन झारखंडेश्वर मंदिर में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुए। इस दौरान कांवरियों ने वाहनों पर आकर्षक रूप से सजाए डीजे की धुन पर खूब नृत्य किया। इससे पूर्व कांवरियों ने शहर का भ्रमण कर भोलेनाथ के जयकारे लगाएं। जिससे नगर शिव भक्ति में परिवर्तित हो गया। बताते चले कि हर वर्ष सैकड़ो की संख्या में कांवरिया हरिद्वार से पवित्र जल लाकर शक्तिफार्म स्थित झारखंडेश्वर मंदिर में भोलेनाथ को अर्पित करते है। इस मौके पर महंत आनंद बोरा, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, पंडित दिनेश भट्ट, विकास आर्य, राहुल सक्सेना, प्रिंस गुप्ता, नितिन अरोरा, संदीप बाबा, कमल ठाकुर, राजपाल सागर, प्रेम आर्य, नरेश राणा, नरेश ठाकुर, सेवाराम, भगवान सरुप, टिंकू, चंदू ठाकुर, दलीप राणा, अंकित गोयल आदि भोले मौजूद थे।



# रवि रस्तौगी बने भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक

सितारगंज(उद संवाददाता)। भाजपा जिलाअध्यक्ष कमल जिंदल ने विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक व सहसंयोजक मनोनीत किए। जिसमे एडवोकेट रवि रस्तोगी को भाजपा विधि प्रकोष्ठ का जिला सह सयोजक मनोनीत किया। रवि रस्तोगी ने सह संयोजक मनोनीत होने पर भाजपा शीर्ष जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसको पूर्ण जिम्मेदारी से निभाया जाएगा। बार एसोसियेशन के उपाध्यक्ष एडवोकेट शक्ति सिंह ने रवि रस्तोगी को बधाई दी। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिदंल ने चिकित्सा प्रकोष्ठ से डा. करनदीप सिंह विर्क को संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ में जरनैल सिंह को सह संयोजक, सांस्कृतिक से दयानंद तिवारी संयोजक, व्यवसायिक से ललित जोशी सह संयोजक, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में दीवान सिंह धामी को संयोजक, शिक्षक में सर्वजीत सिंह माटा, धर्म संस्कृतिक प्रकोष्ठ में विनय गर्ग को सह संयोजक, आर्थिक में संदीप गर्ग सह संयोजक, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ में डा. पुनीत गोयल संयोजक मनोनीत किये गये। इसके अलावा मछुवारा प्रकोष्ठ में चंदन कश्यप संयोजक, निकाय में अभिषेक जैन सह संयोजक, पंचायत नानकमत्ता निवासी भाष्कर सम्भल सह संयोजक, खेलकूद, सेवानिवृत कर्मचारी प्रकोष्ठ में अंकित बजाल सह संयोजक, धीरेंद्र पंत को भी सह संयोजक मनोनीत किया है।



# विधायक राणा ने किया सुनखरी मार्ग का शिलान्यास

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र में दो करोड़ की लागत से बनने वाले ग्राम सुनखरी धुमखेड़ा मार्ग का विधायक गोपाल सिंह राणा ने विधिवित शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा विधायक गोपाल राणा के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्षो पुरानी सुनखरी से धुमखेड़ा तक 5 कि0 मी0 लम्बी सड़क स्वीकृत की है। जो कि दो करोड़ 18 लाख की लागत से बनेगी। श्री राणा ने सड़क का शिलान्यास करते हुये कहा कि पिछले 15 वर्षो से गांव के लोग जर्जर रास्ते से निकलने को मजबूर थे। आज उनकी वर्षों पुरानी मांग पुरी हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास में किसी भी तरह की कोई कमी नही आने दी जायेगी। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के एई हिमांशु भटट, ब्लाक अध्यक्ष सतनाम सिंह, प्रकाश कुमार,रामनरेश सिंह राणा,सतनाम सिंह, बजुद्दीन,बलवंत सिंह आदि मौजूद थे।



# ग्राम सुंदर खाल के ग्रामीणों ने डीएफओ को बताई समस्याएं

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर विधानसभा क्षेत्र के कई वन ग्राम आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण लंबे समय से सरकार से जहां मूलभूत सुविधाएं देने के साथ ही वन ग्रामों को राजस्व गांव बनाने की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन भी कर रहे हैं लेकिन सरकार की उपेक्षा के कारण यहां रहने वाले ग्रामीण आज भी परेशान हैं । गुरुवार को वन ग्राम सुंदर खाल के मनोनीत ग्राम प्रधान पृथ्वीराम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ दीगांत नायक से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में वन्यजीवों का खतरा बना हुआ है । वन्य जीव जंगल से अब आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने वन्यजीवों से सुरक्षा को लेकर सड़क किनारे सुरक्षा जाल लगाने के साथ ही लाइट उपलब्ध कराए जाने की मांग की। मामले में डीएफओ ने बताया कि इस क्षेत्र में सोलर लाइट लगाने के निर्देश कर्मचारियों को दे दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे सुरक्षा जाल व नदी में तटबंध बनाए जाने का भी ग्रामीणों को आश्वासन दिया।



## पेज एक का शेष...

370 **के नाम पर गुमराह करती...**कि 370 के नाम पर कुछ राजनीतिक परिवार हमेशा फायदा उठाते रहे और कांग्रेस गुमराह करती रही। इस नए जम्मू-कश्मीर का इंतजार हमें दशकों से था। प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीरी नागरिकों से कहा कि मोदी कश्मीरियों के प्यार के इस कर्ज को चुकाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। 2014 के बाद मैं जब भी आया, मैंने यही कहा कि मैं ये मेहनत आपका दिल जीतने के लिए कर रहा हूं और मैं दिनों-दिन देख रहा हूं कि आपका दिल जीतने की सही दिशा में मैं जा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बलिदानियों के स्वजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र भी वितरित किये। साथ ही पीएम मोदी ने पुलवामा के रहने वाले मधुमक्खी पालक नाजिम नजीर से बात की। नाजिम ने कहा कि मेरे घर की छत पर दो मधुमक्खी के बक्से रखे थे। मैं स्कूल में पढ़ता था। इन बक्सों को बढ़ाने के लिए इंटरनेट पर खोजा। 60 हजार का ऋण लिया और अब 200 बक्से हो गए हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कश्मीरी शॉल भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। मंच पर मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, राज्य सभा सांसद गुलाम अली खटाना भी उपस्थित रहे। पीएम ने जम्मू-कश्मीर आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में मौजूद वेंडरों से पीएम मोदी ने बातचीत की। किसानों से भी उनके अनुभव जानें और उन्हें अपने सुझाव दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झलक पाने के लिए स्टेडियम खचाखच भरा था। लोग खुशी से नाचते-झूमते दिखे। मोदी को सुनने के लिए कश्मीर घाटी के दस जिलों से लोग श्रीनगर पहुंचे । स्टेडियम के अलावा श्रीनगर सहित घाटी में अलग-अलग जगहों पर एलईडी स्क्रीन लगाई गई। जनसभा से पहले प्रधानमंत्री शंकराचार्य हिल पहुंचे और दूर से नमन किया।

**बेहद खास है इस बार...**यह नक्षत्र अपने शुभ प्रभाव के लिए जाना जाता है, इसलिए श्रवण नक्षत्र में किए गए कार्य का फल भी शुभ ही प्राप्त होता है। इसके अलावा महाशिवरात्रि के दिन विधि विधान से रुद्राक्ष धारण करने पर भी भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है क्योंकि रुद्राक्ष भोलेनाथ को विशेष रूप से प्रिय है वैसे तो महाशिवरात्रि के दिन लोग भगवान शिव की आराधना करते वक्त शिवलिंग पर दूध चढ़ाने के साथ भगवान शिव को प्रिय बेलपत्र, भांग पत्र, धतूरा, और बेल का फल भी अर्पित करते हैं मगर भगवान शिव को रुद्राक्ष अति प्रिय है, जिसको धारण करने से भक्तों पर भगवान शिव की कृपा बनी रहती है। महार्षि वेद व्यास द्वारा रचित शिव पुराण के विद्योश्वर संहिता में पच्चीसवें अध्याय रुद्राक्ष महात्म्य में भगवान शिव के प्रतीक रुद्राक्ष के प्रकार और महत्व का पूरा वर्णन किया गया है।रुद्राक्ष के महत्व की बात करें तो मान्यता है कि जो भी व्यक्ति रुद्राक्ष की माला धारण करता है, उसे देखकर भूत, प्रेत, पिशाच,दूर भाग जाते हैं। रुद्राक्षधारी व्यक्ति को देखकर स्वयं भगवान विष्णु, देवी दुर्गा, भगवान गणेश, सूर्य और अन्य देवता प्रसन्न हो जाते है। इसलिए धर्म की वृद्धि के लिए भक्तिपूर्वक मंत्रों द्वारा विधिवत रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। शिव पुराण में 14 प्रकार के रुद्राक्ष बताए गए हैं।

**समृद्धि की ओर...**के लिए हम ऐतिहासिक सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आए जिसका परिणाम है कि आज सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सीएम ने कहा कि आज पहाड़ों से पलायन रोकने की दिशा में सरकार गंभीरता से काम कर रही है। नौकरियों के अवसर बढ़ाने के साथ साथ स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तराखण्ड तमाम कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई है, इससे आने वाले दिनों में युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि पहाड़ का पानी और जवानी को बर्बाद नहीं होने दिया जायेगा। सीएम ने कहा हमारी सरकार की कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं है, हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ, जनता से किये हुए वायदों को पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार हर तरफ से भारत के लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठा रही है, सभी का उत्थान कर रही है। पीएम मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव किसी से छुपा नहीं है। आज सड़क हो, बडे शिक्षण संस्थान हों, स्वास्थ्य हो या देव स्थानों का पुनर्विकास हो, हर तरह से केंद्र सरकार उत्तराखंड को तेजी से विकसित करने में अपना योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एक अटल, अडिग और मजबूत इच्छाशक्ति वाले प्रधानमंत्री के रूप में विश्व के समक्ष उभरे हैं, उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रेरणा लेते हुए हमने भी उत्तराखंड के विकास और सुख शांति को बनाए रखने के लिए कई कठोर निर्णय लिए हैं और कई कठोर कानून बनाए हैं।

**दस लाख और...** उत्पन्न करते हुए ताने देना शुरू कर दिया। उत्पीड़न तेज हुआ तो उपरोक्त तीनों में विवाहिता के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसका खाना खर्चा बंद कर दिया गया। वर्ष 2022 की 15 सितंबर को 10 लाख रूपयों की नगदी एवं कार की खातिर लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर धक्के मारकर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि इसी वर्ष 16 नवंबर की सुबह लगभग 9:00 बजे सास पति तथा देवर अचानक उसके मायके आ धमके और एक बार फिर से दहेज की डिमांड की। असमर्थता जताने पर उपरोक्त तीनों ने मानवीय संवेदनाओं की सभी हदें लांघते हुए विवाहिता से बुरी तरह मारपीट की और स्थानीय लोगों की जब भीड़ जुटी तो उपरोक्त तीनों मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के ऊपर मामले में विवाहिता की तहरीर के आधार पर उपरोक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323 498 ए 504 506 आईपीसी के अलावा 3/4 दहेज अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**जुए के अडडे पर...**कदीर अहमद अंसारी पुत्र हनीफ तथा टावर वाली गली ग्राम हिम्मतपुर थाना आईटीआई निवासी संदीप पुत्र राकेश को घेराबंदी कर दबोच लिया। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से 5110 रुपए की नगदी के अलावा ताश की गड्डी बरामद किया। थाने लाकर जरूरी पूछताछ के बाद उपरोक्त सभी जुआरियों का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

**बार एसोसिएशन...**जहां, मो. आसिपफ सिद्दीकी, भरत सिंह बिष्ट और सदस्य पद पर पंकज कंबडवाल, मोहित पांडे, लोकेश राज चौधरी, हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सागर, विवेक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार श्रीमाली चुनाव लड़ रहे हैं। अपरान्ह तीन बजे तक मतदान के बाद 4 बजे से मतगणना होगी उसके बाद परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

# पत्रकार विशाल शर्मा के पिता का निधन

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के युवा पत्रकार विशाल शर्मा के पिता का आकस्मिक निधन हो गया है जिस पर तमाम सामाजिक राजनीतिक संगठनों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। युवा पत्रकार विशाल शर्मा के पिता दयाशंकर शर्मा पिछले कुछ दिनों अस्वस्थ चल रहे थे जिनका सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में इलाज चल रहा था। डॉक्टर के अनुसार दयाशंकर शर्मा को ब्रेन हेमरेज हुआ था। इलाज के दौरान आज उन्होंने सुशीला तिवारी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर शर्मा के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई तथा यह समाचार सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक एवं पुलिस प्रशासन के अलावा नगर के पत्रकारों को भी जानकारी में आया तो सभी लोग द्वारा विशाल शर्मा के घर पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की गई। पत्रकार के पिता दयाशंकर का अंतिम संस्कार किच्छा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी,राजेश प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह बग्गा, जीवन जोशी, सतीश गुप्ता, विकास रावला , देवराज दीपक, यशवंत, राजू सहगल, शिवम शर्मा, राज सक्सेना, भूपाल सिंह नेगी, नंदन कोरंगा ,एम एस धामी, मनीष सिडाना,अरुण तनेजा,ज्ञानेश मिश्रा, मूल चंद राठौर, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, दिनेश भाटिया, सुभाष तनेजा, छोटू कोली,संजीव सिंह आदि शामिल थे।



# तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने नशे के पैसे की वसूली के लिए तमंचा इस्तेमाल करने वाले एक युवक को मय तमंचा व कारतूस के साथ रिगफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाने के एस आई संजय कुमार व अशोक काण्डपाल, कांस्टेबल नवीन जोशी के साथ निजी वाहन से शांति व्यवस्था देखने निकले थे कि तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एक युवक अपने घर के सामने तंमचा लेकर घूम रहा है जिसे पुलिस ने दौड़कर धर दबोचा। पुलिस ने युवक की तलाशी लेने पर युवक की जेब से एक तंमचा व 12 बोर का कारतूस मिला। ग्राम दहला पिपलिया पिस्तौर निवासी लखविन्द्र सिंह ऊर्फ सोनू पुत्र स्व0 गुरमीत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह नशे का कारोबार करता था, जो नशे के पैसे नही देता को पैसों की वसूली के लिए तमंचे का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने युवक के खिलाफ 25 आर्म्स के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायल में पेश किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कांवरियों के लौटने से शिवमय हुआ माहौल

## उत्तरांचल दर्पण के भंडारे में कावरियों का लगा मेला,जगह जगह बम भोले के जयकारों और गाजे बाजों के साथ जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवरियों के लौटने से वातावरण शिवमय हो गया है। शिव भक्त कांवरियों का काशीपुर रोड पर जगह जगह बम भोले के जयकारों और गाजे बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जगह जगह कांवरियों के लिए लगाये गये स्वागत शिविरों में कल शाम से ही रौनक नजर आयी। सुबह दिन चढ़ने के साथ ही कांवरियों का रैला भी बढ़ता गया। हर तरफ बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी। कांवरियों के लौटने का सिलसिला वैसे तो दो दिन पहले से ही शुरू हो गया था। दूर दराज के कांवरियों के बाद कल शाम से रूद्रपुर और आस पास के क्षेत्र के कांवरियों के लौटने का सिलसिला भी शुरू हो गया। बड़ी संख्या में कांवरियों के लौटने से पूरा हाईवे भगवा रंग से सराबोर नजर आ रहा है। बच्चे, जवान बूढ़े से लेकर लेकर महिलाएं भी बड़ी संख्या में हरिद्वार से कांवर लेकर लौट रहे हैं। काशीपुर रोड पर जगह जगह कांवरियों के लिए स्वागत शिविर लगाये गये हैं जिनमें कांवरियों के विश्राम, स्नान और उनके भोजन आदि की व्यवस्थायें की गयी हैं। काशीपुर रोड पर श्री शिव सेवा संस्थान उत्तरांचल दर्पण परिवार ने गत वर्षो की भांति इस बार भी ट्रू वेल्यू एवं नेक्सा सर्विस सेंटर के एमडी विजेन्द्र मित्तल के सहयोग से कांवरियों के लिए विशाल भंडारा आयोजित किया है। दो दिवसीय भंडारे में कांवरियों के विश्राम, नहाने ध ोने, भोजन आदि की सभी व्यवस्थायें की गयी हैं। जिसमें कल शाम से ही बड़ी संख्या में कांवरिये पहुंचने शुरू हो गये। कांवरियों का यहां पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान और कांवरियों के लिए जलपान, भण्डारा एवं विश्राम के साथ साथ डीजे की व्यवस्था भी की गयी है। साथ ही कांवरियों के भक्ति रस में सराबोर करने के लिए कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। भंडारे में मिस्ठी म्यूजिकल ग्रुप के रिन्कू खेड़ा व कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई कलाकारों ने कांवरियो और श्रद्धालुओं को नृत्य और झुमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कांवरियों के लिए लंगर के साथ ही फल, जूस आदि की सेवा भी लगातार चलती रही। इस मौके पर बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान श्री शिव सेवा संस्थान के स्वामी समाज सेवी एडवोकेट राकेश कालड़ा, उत्तरांचल दर्पण के संपादक परम पाल सुखीजा, सुरेन्द्र तनेजा,विधायक शिव अरोरा, बलवीर सुखीजा, शिवांश सुखीजा, मोहित सुखीजा, कपीस सुखीजा,अमित गुम्बर, महेंद्र गाबा, सुशील गावा सहित तमाम लोगों ने गाजे बाजों के साथ मल्यार्पण कर कांवरियों का स्वागत किया। इस दौरान व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, प्रीत चिलाना, जगदीश चन्द्र, प्रदीप शुक्ला, संजना,ध मीजा,नन्हे राठौर, शुभ,गुम्बर, अक्षय, गुम्बर, विनीता , बिजेन्दर मित्तल, अमित मित्तल, अनमोल कालरा, रीना सुखीजा, शांभवी सुखीजा दिव्या कालरा, ऋतु कालरा, लक्ष कालरा आदि भी स्वागत और सेवा में जुटे रहे।



रूद्रपुर में कांवड़ियों के स्वागत के लिए लगाये गये उत्तरांचल दर्पण के पंडाल में कावंडियों के स्वागत की झलकियां।